एनएसएस दिवस के साथ रक्तदान शिविर का आयोजन

ByKhabredinraat

September 28, 2023

Blood donation camp organized along with NSS day

जयपुर। राष्ट्रीय सेवा योजना और रेड रिबन क्लब, सेंट ज़ेवियर्स कॉलेज जयपुर द्वारा एनएस एस दिवस मनाया गया जिसके तहत सुमन ब्लड बैंक के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के स्वयंसेवकों ने कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया । महाविद्यालय के आस पास के ग्रामीण इलाको में भी विद्यार्थियों ने रक्तदान के महत्त्व को समझा कर नागरिकों को रक्तदान हेतु प्रेरित किया|

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित पूर्व एन एस एस प्रभारी सुबोध कॉलेज से डॉ कपिल कुमार आनंद ने विद्यार्थी जीवन में राष्ट्रीय सेवा योजना की सार्थकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्रो को सामाजिक सरोकार के मुद्दों पर जागरूक बन कर अपनें विचार प्रकट करने के लिये भी प्रेरित किया।

कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि डॉ. प्रदीप चौधरी, संयुक्त निदेशक, राजस्थान एड्स कंट्रोल सोसाइटी ने रक्तदान महादान के संकल्प के साथ अपने विचार युवाओं के साथ साझा किए । रक्तदान संबंधी फैली अनुचित कुरीतियो को हटाने के लिए वैज्ञानिक तर्क दिये और रक्तदान के लिये विद्यार्थीयो को प्रेरित किया।

प्राचार्य, फादर एस. ज़ेवियर ने अतिथियों का स्वागत अभिनंदन करते हुए महाविद्यालय में आयोजित किए जा रहे रक्तदान शिविर की जानकारी प्रदान की । साथ ही एन एस एस के माध्यम से जीवन में मिलने वाले अनुभवों और अनुशासन से युवा जीवन पर्यंत लाभान्वित होने की बात कही । रेड रिबन क्लब, एन एस एस और सुमन ब्लड बैंक के संयुक्त तत्त्वावधान में आयोजित रक्तदान शिविर में लगभग 56 यूनिट एकत्रित हुई।

रक्तदाताओं में बालिकाओं का योगदान काबिले तारीफ़ रहा । उप प्राचार्य फादर रेमंड के मार्गदर्शन में अनुशासित रूप से कार्यक्रम संचालित किया गया ।एन एस एस शिक्षक समन्वयक रोहन थॉमस, रेड रिबन क्लब प्रभारी सुनीता चौधरी, डॉ. ममता पारीक तथा अन्य स्टाफ सदस्यों ने भी कार्यक्रम में अपनी सक्रिय उपस्थिति दर्ज की।

कार्यक्रम के अंत में एन एस एस. एवम गतिविधि प्रभारी डॉ प्रदीप सोनी ने सभी अतिथियों , आगंतुकों तथा विशेष रूप से कार्यक्रम एवं रक्तदान शिविर को सफल बनाने वाले एन एस एस स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त किया।